यहाँ बार-बार कहा जाता है कि बैंक किसानों को कर्ज देंगे, कम ब्याज लेंगे। मैं आपसे पूछना चाहता हूँ कि बैंकिंग व्यवस्था का उद्‌भव कैसे हुआ? इसका उद्‌भव पूंजीपतियों द्वारा किया गया और इसने पूंजीपतियों को आगे बढ़ाया और हम इस व्यवस्था से उम्मीद कर रहे हैं कि वह हमारे किसानों के हित की बात करेगी। ये जो टुकड़े डाल रहे हैं, जो छोटे-मोटे कर्ज दे रहे हैं, उससे किसानों का भला नहीं होगा। यह व्यवस्था किसानों का कभी भी भला नहीं करेगी। इसलिए नहीं करेगी क्योंकि इसका मूल ही उद्योगपतियों और बहुराट्रीय कंपनियों का हित है। दुनिया के जो पैसे वाले धनिक देश हैं, वे इस देश की आर्थिक स्थिति को अपने कब्जे में करना चाहते हैं और वह तभी हो सकता है जब ये पूंजीपति लोग गुलाम बन जाएं। पूंजीपति लोग गुलाम बनते जा रहे हैं, सब बहुराट्रीय कंपनियों में खप रहे हैं। नेताओं के घरों के बच्चे, भले लोगों के घरों के लड़के बहुराट्रीय कम्पनियों में जो रहे हैं। वे कहते हैं - वहाँ हर महीने पांच लाख रूपए वेतन मिलेगा।

क्या मिलता है, यह मिलता है, वह मिलता है। इस संस्कृति की ओर इस देश का आदमी बढ़ रहा है। यह बहुराट्रीय कम्पनीज का एक बहुत बड़ा ाड़यंत्र है। इसे तोड़ने के लिए साधारण तरीके से काम नहीं चलेगा। आज आपको टोटल उलट बांसी करनी पड़ेगी। टोटल उलट बांसी का मतलब है कि योजना आयोग से लगा कर नीचे तक आपको वे व्यवस्थाएं लानी पड़ेंगी, जिनकी धुरी इस देश का किसान हो। अगर देश को समृद्ध बनाना है, आगे बढ़ाना है, शक्तिशाली बनाना है, इस देश को बहुराट्रीय कम्पनीज या ि वदेशी ताकतों से बचाना है, उनके आर्थिक तंत्र से बचाना है, तो हमें टोटल यू टर्न करना पड़ेगा।

आप देखें कि आपकी नीतियों का क्या परिणाम हो रहा है। डालर आ रहा है बहुराट्रीय कम्पनीज के साथ। डालर आ रहा है, अच्छे-अच्छे डालर्स में बड़ी-बड़ी तनख्वाहें हमारे सब लोगों को आकर्िात करती हैं। वे डालर में वेतन ले रहे हैं। डालर ला रहा है डिस्को डांस यानि संस्कृति पर हमला। डिस्को डांस के बाद आ रही हैं ड्रग्स और ड्रिंक्स। ड्रग्स और शराब का जो जाल फैल रहा है, आप सारी जगह घूम आएं, ऊपर से लेकर नीचे तक, सब तरफ देखिए क्या हालत हो गई है। ड्रिंक्स के बाद ड्रग्स आ रही हैं। ये सब डालर की उत्पत्ति हैं। ड्रिंक्स, ड्रग्स के बाद अंतिम डी है यानि डिस्ट्रक्शन। हमारे यहां थोड़ी बहुत बची हुई संस्कृति की जो विरासत है, हमारा जो ज्ञान है, जो हमारी बौद्धिकता है, उसे पूरी तरह से तहस-नहस करके आर्थिक गुलामी की ओर यह देश जा रहा है। यह परिस्थिति पैदा की जा रही है।

मैं निवेदन करना चाहता हूं इस लोक सभा के रिकार्ड में यह शब्द रहने चाहिए कि आज टोटल उलट बांसी है। सारे विश्वविद्यालयों के रूप में, महाविद्यालयों के रूप में, माध्यमिक विद्यालयों के रूप में, प्राथमिक विद्यालयों के रूप में जो संस्थाएं काम कर रही हैं, उनका नाम बदल दीजिए। कृाि विश्वविद्यालय, कृाि महाविद्यालय, कृाि माध्यमिक विद्यालय, कृाि प्राथमिक विद्यालय, पशु विश्वि वद्यालय, पशु महाविद्यालय, पशु माध्यमिक विद्यालय और पशु प्राइमरी स्कूल होने चाहिए। जब यह भावना होगी, तो इस देश का बच्चा कृाि विद्यालय या कृाि विश्वविद्यालय या पशु विद्यालय में जाएगा और उनकी सेवा करेगा। यही हमारे यहां का धर्म है, यही हमारे यहां का वैभव है। इसलिए आज सरकार की नीतियों में परिवर्तन की आवश्यकता है। यह आवश्यक नहीं हुआ तो हम शासन के रूप में तो गुलाम हो गए हैं, लेकिन आर्थिक दृटि से भी गुलाम हो जाएंगे, क्योंकि जिस तरह से बहुराट्रीय कम्पनीज उदारीकरण और भूमंडलीकरण की बात करती हैं।

मुझे कई बार आश्चर्य होता है कि हम तुलना करना चाहते हैं उस अमेरिका से, जिसका भूभाग हमारे यहां से पांच गुना अधिक है और आबादी हमारे यहां से एक चौथाई ही है। उसमें से भी चार प्रतिशत आबादी अनाज पैदा करके सारे देशों को दे रही है, उससे हम तुलना करना चाहते हैं। हम रूस से तुलना करना चाहते हैं, जिसका भूभाग हमारे यहां से छः गुना ज्यादा है और आबादी एक

चौथाई से भी कम है। यह तुलना बेकार है, बेमानी है। इसके कोई माने नहीं हैं। मैंने जैसा कहा - आज उलट बांसी हो गई है। जिस कामगार के काम को अधम माना गया, उस पर नौकरशाही हावी है। योजना आयोग को देख लें, वहां कोई पंडित नहीं मिलेगा। कृि आयोग में कोई पंडित नहीं है। शीश राम ओला वहां नहीं बैठ सकेंगे, वहां आई.ए.एस. ही बिठाया जाएगा। क्षमा कीजिए, आपक-हमारी मित्रता है, लेकिन मैंने आपको प्रतीक के रूप में किसान माना है। यह आईएएस की क्या व्यवस्था है, अंग्रेजों की गुलामी कायम रखी जाए, यही इनकी व्यवस्था है। थोड़ी सी स्मरण शक्ति के आधार पर, इंटेलीजेंस के आधार पर और इंटेलैक्चुएलिज्म के आधार पर एक बार परीक्षा में बैठे, पास हो गए, फिर क्या, सारी समस्याओं का हल इनके पास है। केन्द्रीय सचिवालय में देख लीजिए, हर क्षेत्र में आईएएस बैठा है। प्रांतीय सरकारों में देख लें, हर क्षेत्र में आईएएस बैठा है। उसने क्या किया है, कैसे बना है। आज हम देखते हैं आईएएस बनाने वाले कुछ स्कूल्स खुल गए हैं। पूंजीपतियों, सरमायदारों और जागीरदारों के वे स्कूल्स हैं। वहां से निकलने वाला लड़का आईएएस होता है और वह सारे देश का भाग्यविधाता हर क्षेत्र में बना बैठा है।

मुझे कई बार आश्चर्य होता है कि ऐटॉमिक एनर्जी का सचिव आईएएस है, भई एटॉमिक एनर्जी में तुम क्या जानते हो, तुमने तो साइंस में नम्बर लेकर आईएएस पास की है। इसी तरह से कृि क्षेत्र में भी आईएएस सचिव है। यह जो आईएएस की प्रथा चली है, मुझे अफसोस है कि इस देश में आईएएस की जिस बुनियादी तरीके से स्क्रीनिंग होनी चाहिए थी, विचार होना चाहिए था कि कौन किधर जा सकता है, वह नहीं हुआ। लेकिन इन सब समस्याओं की जड़ जैसा मैंने कहा - उलट बांसी है। कृि आयोग बना है, कैसे काम करना है, उन्हें जानकारी नहीं हो सकती। योजना आयोग है, वहां भी आईएएस है जो राय देता है, एक सदस्य है। आज कृि ऋण आयोग वगैरह सब नकारा हो गए। सारी व्यवस्था नकारा हो गई।

इस देश को अगर हमें आगे बढ़ाना है तो हमें कृि के उन्नयन की ओर लौटना होगा। कृि क्षेत्र में होने वाली आत्महत्याएं अभी कम हैं, आने वाली जो चुनौतियां हैं अभी तो कम हैं लेकिन जो व्यवस्था आज चल रही है, इस व्यवस्था में इन चुनौतियां का सामना करने का, इन चुनौतियों का हल नहीं है। यह समस्या आज कम है लेकिन कल ज्यादा होगी। आज भी हमारा आधा देश भूखा सोता है और देश की आधी जनसंख्या को पेटभर खाने को नहीं मिलता है, किसान को पेटभर खाने को नहीं मिलता है। हम कहते हैं कि हम स्वतंत्र भारत के नागरिक हैं लेकिन आज भी करोड़ों लोग पटरियों पर सोते हैं, पटरियों पर जीते हैं और पटरियों पर ही मर जाते हैं और उनके लिए शैल्टर की व्यवस्था हम आज तक नहीं कर पाए हैं। क्या यही हमारा लोकतंत्र है, यही हमारी संवेदनशीलता है? इस अवसर पर मैं एक ही निवेदन करना चाहता हूं कि हमको कृि को धूरी मानकर, ऊपर से लेकर नीचे तक समृद्धशाली बनाना है और इस देश के ज्ञान को सारी दुनिया में फिर से स्थापित करना है तो ऐसे प्रयत्नों से ही हमारा देश आगे बढ़ सकेगा और हम समृद्धशाली बन सकेंगे।

कुछ लोग कहते हैं कि 21वीं सदी हिंदुस्तान की सदी है। हमें अगर 21वीं सदी को हिंदुस्तान का बनाना है तो फिर से हिंदुस्तान को सोने की चिड़िया, बौद्धिकता का सिरमौर और दूध-दही की नदियां बहाने वाला देश पैदा करना होगा। आज कल जो चल रहा है कि थोड़ा इधर दे दो, थोड़ा कर्जा माफ कर दो और गरीबी वहां की वहां, परनाला बहेगा वहां का वहां। इसको बदलने के लिए जैसा मैंने कहा कि हमें टोटल यू-टर्न लेना होगा और कृि को धूरी मानने का संकल्प लेना होगा। आपने मुझे समय दिया, बहुत-बहुत

**श्री मोहन सिंह (देवरिया) :** सभापति महोदय, बहुत ही सही समय पर और जो आज भारतीय समाज की प्रमुख समस्या है, उस पर सरकार और सदन का ध्यान आकर्ाित करने के लिए यह प्रस्ताव विचार के लिए आया है। मैं माननीय सदस्य को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने चर्चा में इसको लाकर एक अवसर देकर, सदन को और सरकार को, दोनों को ही कुछ सकारात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य किया। भारत जैसे देश के लिए यह दुःखद बात है कि जिस भारत देश की वर्क-फोर्स का 62 फीसदी भाग कृि कार्य में लगा हुआ है, वहां पिछले तीन वार्ों से लगातार कृि की पैदावार में गिरावट आ रही है। पिछले दो-तीन सालों का अगर हम सर्वेक्षण करें तो पायेंगे कि भारत की जनसंख्या डेढ़ से दो फीसदी के हिसाब से बढ़ रही है और कृि की उन्नति इतने ही अनुपात में नीचे की ओर जा रही है और यह एक दुर्भाग्यपूर्ण संकेत है। भारत की तरक्की 7 से 8 फीसदी के हिसाब से हो रही है, लेकिन हम ऐसा लक्ष्य मानते हैं कि 10वीं योजना के अंतिम वा में हमारे देश की वार्िक तरक्की की रफ्तार 8 से 10 फीसदी होगी। यदि हमने इसको 10 वार्ों तक कायम रखा तो हम 2020 तक, भारत के रा्ट्रपति जी की शुभकामनाओं के साथ दुनिया की बहुत बड़ी आर्थिक ताकत बन जायेंगे।

ब्रिटेन की एक संस्था के द्वारा यह आकलन किया गया है कि भारत 3 से 4 वा के अंदर दुनिया की तीसरे नम्बर की ताकत बनने जा रहा है। हम चाहे ताकत तीसरे, चौथे या पांचवें नम्बर की बन जाएं लेकिन मानवीय गुणवत्ता के हिसाब से हिंदुस्तान दुनिया के 175 देशों में 143वें स्थान पर है। हमसे भी गरीब और कंगाल सार्क और अफ्रीका के थोड़े से देश हैं। कंगाली, दरिद्रता, रोग और

निरक्षरता में हमसे गया बीता देश दुनिया में दूसरा कोई नहीं है। इसलिए मुझे लगता है कि हमारे देश के शुभचिंतक और आकलनकर्ता इस देश की बहुसंख्यक आबादी को पीछे धकेलकर, थोड़े से लोगों की तरक्की को सामने रखकर, इस देश की तरक्की का अहसास कराना चाहते हैं।

उस बात को हम अपने देश के अन्दरूनी हालात के बारे में देख सकते हैं। जिन राज्यों को हम सबसे अधिक तरक्की के पायदान में अगली कतार में देखते हैं, खास तौर से आन्ध्र प्रदेश, महाराट्र, कर्नाटक और केरल, जब हम इन तरक्की वाले राज्यों को ठीक से कसौटी और तुला पर तोलने की कोशिश करते हैं तो दिखायी पड़ता है कि किसानों ने सबसे अधिक आत्महत्या इन्हीं राज्यों में की है जिस की संख्या साढ़े 2250 तक हैं। जिस राज्य को हाई टैक में उड़ान भरने का एक अवसर हमारे देश के नीति निर्माताओं ने दिया और यह कहा कि आईआईटी इंडस्ट्री के क्षेत्र में आन्ध्र प्रदेश छलांग लगा कर बहुत आगे बढ़ता जा रहा है और बैंगलौर शहर हिन्दुस्तान का सबसे बड़ा निर्यातक इस मामले में हो गया है लेकिन जब हम जमीनी धरातल पर जाते हैं तो उसका यही निर्का निकलता है कि 2200, 850, 85 और 1200 तक किसान अपनी लाचारी और बेबसी के चलते आत्महत्या करने को मजबूर हुए। ऐसा क्यों हो रहा है? दूसरे राज्यों में क्यों नहीं हो रहा है? आप निजी अनुभव से देख सकते हैं कि जिन राज्यों में किसानों की आत्महत्या हो रही है उन्हीं राज्यों में नक्सलवाद का प्रकोप भी बढ़ रहा है। नक्सलवाद का रोग उन्हीं राज्यों में है। वहां बूढ़ा किसान ऋणग्रस्तता के चलते, अपनी लाचारी के चलते आत्महत्या करता है और उसी का बेटा जंगल में जाकर हाथ में हथियार लेकर अपने हक के लिए संघा करने के लिए मैदान में निकलता है। उसे हम लोग कहते हैं कि यह नक्सलवाद का रोग है। क्या हम इसे दमन के जरिए रोक सकते हैं? ऐसी सोच सही ढंग से देश की सारी समस्याओं को गम्भीरतापूर्व स्वीकार न करने के कारण है। मुझे खुशी है कि भारत सरकार के कृा मंत्री ने एक बयान दिया है कि उनकी विशे पहल पर हिन्दुस्तान के व्यावसायिक और वाणिज्यिक बैंक किसानों को दो फीसदी कम रेट पर ऋण देने को तैयार हो गए हैं। आज तक वे तैयार क्यों नहीं थे? उन्हें इसकी तैयारी करने में इतना विलम्ब क्यों लगा और यह केवल व्यावसायिक बैंक क्यों करेंगे? व्यावसायिक बैंकों की शाखाएं हिन्दुस्तान के ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं हैं। पिछले 14 वाँ से जब से हमने आर्थिक उदारीकरण की नीति चलायी, बैंकों में जब से ऑटोमेशन और कम्प्यूटराइजेशन की नीति का अनुसरण करना शुरू किया, निजी क्षेत्र, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने गांवों में जाना बंद कर दिया। उनकी शाखाएं वहां नहीं खुलती। हिन्दुस्तान के किसान का सीधा संबंध सहकारी संगठन के बैंको, छोटे कपार्ट के बैंकों और नाबार्ड के बैंकों से है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से किसानों का संबंध है। ये बैंक नाबार्ड और कपार्ट से जिस सूद दर पर कर्ज लेते हैं, उसके दुगने रेट पर किसान को एक्सटैंड करते हैं। जो सरकारी क्षेत्र के बैंक हैं, किसी व्यक्ति को कार खरीदनी हो या बड़ा घर बड़े शहर में बनाना हो तो 7 फीसदी की दर से बैंक उनको कर्ज देने को तैयार हैं लेकिन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, कोआपरेटिव बैंक इस तरह के बैंक हैं जिन का किसान से रिश्ता है उनका रेट अभी भी किसानों के लिए साढ़े 11-12 फीसदी का है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। इस स्थिति से कैसे निपटें?

भारत के वित्त जी ने इस साल का बजट पेश करते समय कहा कि हमारी धमाकेदार कोशिश कृा क्षेत्र में निवेश करने की होगी। जब हमने बजट पढ़ा तो धमाकेदार पैठ किस क्षेत्र में हुई, उन्होंने पढ़ा कि 1 लाख 8 हजार करोड़ इस वा हिन्दुस्तान की सरकार बैंकों के जरिए भारत के गरीब किसान को ऋण के रूप में देने वाली है। मैं सरकार से विनम्रतापूर्वक कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के किसानों को ऋणग्रस्त बना कर उनकी हालत को सुधारा नहीं जा सकता है। हिन्दुस्तान के किसान की कोई फसल ऐसी नहीं होगी, जिस फसल से वह हर महीने बैंकों की मासिक ऋण की किश्त को अदा कर सके। आज आवश्यकता इस बात की है कि इस सोच को बदला जाए। किसान की जो उपज है, उसका लाभकारी मूल्य दिया जाए। किसान का जो निवेश है उस निवेश को सस्ता बनाया जाए। किसान की जिस पूंजी को हम खेती में लगाते हैं, उस पूंजी को आसान और सरल तरीके से किसान को आसान सूद दर पर मुहैया करके हम किसान की हालत को सुधार सकते हैं। किसानों की तरक्की के लिए और खेती की तरक्की के लिए भारत सरकार अपनी सोच को परिवर्तित करे । उसी परिवर्तन के लिए और विचार विमर्श के लिए ही यह प्र स्ताव आया है । मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि किसानों के लिए अपनी सोच में परि वर्तन करे और उनसे जुड़े हुए जो संगठन हैं, उन्हें ऋण व्यवस्था से उबारने के लिए और उनको सहूलियतें देने के लिए ऋण नीति पर विचार करे ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं ।

SHRI B. MAHTAB (CUTTACK): Sir, it is my pleasure to participate in this Resolution which deals with relief measures for workers in the agrarian sector. We all know that an unprecedented crisis in agrarian sector has affected us for quite a long time, more than a quarter century ago. We have been discussing this subject to that extent in different Lok Sabhas for the last 25 years. Shri Vasudevan

Nair who is the Mover of this Resolution is the right person, who has experience to his credit regarding providing social security to the agricultural labourers and agricultural workers.

There is a distinction between agrarian sector and the unorganised agriculture workers. When we discuss about the agriculture sector, we have to deal with both these aspects. In the Resolution, Shri Vasudevan Nair has very rightly mentioned about the debt trap, about the farmers' suicide and also about the problems of agriculture workers. And there is a direction to the Government. What type of support should be provided from the State as relief to the agriculture sector both for the landholders and also for the workers who toil in the field? What type of effective debt relief is required to rejuvenate our rural masses, rural sector? The framers of the Constitution have made provisions for protecting the peasantry under article 43 of the Constitution, which assures a 'living wage' to all workers including agriculture, and working conditions that facilitate a 'decent living'.

Hon. speaker from the BJP who preceded Shri Mohan Singh had very rightly mentioned that 56 years ago or 55 years ago when the Constitution was framed, the rural life was very different. A drastic change has taken place. People who were engaged as artisans, people who were engaged in different fields supporting rural economy, have been divested of their traditional skills. Now the skill or the input is being provided to the masses, by producing machine, or industries.

Earlier, Indian agrarian society was self-sufficient, in the sense that whatever was being produced, was being produced by the masses. Now, the trend is totally the reverse. Now, mass production is being done by a single industrial house for the masses in a large quantity. This is the difference which has totally divested the rural areas, the agrarian economy from income. That is the main reason why unemployment has risen to a great extent.

When we have that clause enshrined in the Constitution, to provide 'living wage' and to provide 'decent life style,' I think, the onus lies with the Government to make suitable amendments and bring out a suitable law to that effect.

The State should particularly try and develop cottage industries in the rural areas, which will provide alternative employment other than farming. According to the Census of 2001, there are about 10.70 crore agricultural labourers and 12.70 crore medium and large farmers.

In view of the long pending need of social security cover to the agricultural workers, the NDA Government, in the year 2001, had launched Krishi Shramik Samajik Suraksha Yojana. That was with effect from 1st July, 2001 through the Life Insurance Corporation. In the first stage, the scheme was implemented in 50 selected districts and covered around 10 lakh agricultural workers amounting to 20,000 workers in each district over a period of three years. A worker was required to pay Re. 1 per day or Rs. 365 per year, and Rs. 2 per day or Rs. 730 per year were to be paid by the Government for the beneficiary. This was the scheme for three years. We would like to be apprised by the Government how far they have extended that scheme. Is it only confined to those 50 selected districts? Do they still have that scheme or they have abandoned it? Do they intend to expand that scheme for other most backward districts?

It is stated in a report that 1,00,074 agricultural workers were covered under the scheme by 31st October, 2002. It provided old-age pension to those who were more than 60 years of age; it provided a personal accident insurance; and it also provided medical insurance.

Sir, there was another scheme called Janashree Bima Yojana, which was launched with effect from 10th August, 2000. This provided an insurance cover of around Rs. 20,000 in case of natural death; Rs. 50,000 in case of death or permanent total disability; and Rs. 25,000 in case of permanent disability due to accident. The age group was confined to 18 to 60 years. The BPL families were also included in that scheme. That scheme was extended to the age group of 25 or more. How far have the Government extended this scheme?

To pursue their common interests, the workers in the agrarian sector cannot organise themselves due to certain constraints. We all know it. Invariably, throughout the country, the agricultural labourers belong to the depressed class. They cannot organise themselves to pursue their common interests. Another major hindrance is that the service they provide is very casual in nature of employment. Ignorance plays a greater role in that. Illiteracy and small and scattered size of establishment also add up to this problem. Out of 36.9 crore workers in the unorganised sector, around 23.7 crore are employed in agriculture sector, 1.7 crore in construction sector, 4.1 crore in manufacturing activities, 3.7 crore each in trade and transport, and in communication and services. This is as per the list, which is there in the Census. So, a majority of them are the agricultural labourers. I think it is high time that the Government should come out with the Bill, which was contemplated in 2004 by Shri Sahib Singh Verma when he was the Minister of Labour, immediately to strengthen the hands of not only the States but also the labour force of our country.

A large number of workers in the unorganised sector are home-based workers. Many of them are engaged in *bidi* making, *agarbatti* making, tailoring, and *zari* and embroidery work. Of course, the Government has constituted some welfare funds for *bidi* workers. But it is not up to the mark. The working and living conditions of the unorganised workers still remain very pathetic.

Today, I find that the social security scheme for the unorganised sector is in the backburner. What is the reason for it? If funds crunch is the main reason, why can't the UPA Government, which always speaks loud in favour of the 'a*am admi',* not provide funds for this cause? In this scheme, in 2003-04, a sum of Rs. 13.30 crore was provided. And very peculiarly, in the next year, that is in 2004-05, it came down to Rs. 13 crore. I expect that the Minister would let us know as to how much money is being provided for in the year 2005-06.

Sir, it is high time that the rights of the unorganised rural workforce, especially the agricultural workers, are legalised. They have been legalised in two States – Kerala and Tripura. They have enacted laws in this respect. In Kerala, it was, I think, done in 1974 and in Tripura in 1986. Of course, there may be a legal problem in having a national law. If the Central Government comes out with a scheme or a Bill, we have to take the consent of the different States. If that is the reason, at least, you come out with what scheme you have, what type of provision you want to make in the law and find out which are the States that are falling back.

At the same time, I would like to mention here that farmers are committing suicide in different parts of the country. The major problem is that it is committed by big farmers. The farmers who have

only one seasonal crop a year are not committing it. It is the farmers who have gone in for cash crops, who have taken high amounts of loan from banks are forced to commit suicide.

Another aspect, the humanitarian aspect is also there. That is, the agricultural produce is not being marketed at the appropriate rate. That kills the incentive and discourages him to such an extent that he not only ends his life, but the whole family also indulges in suicide. The banks are unable to provide adequate amount to rejuvenate him to go in for farming again. This is creating another type of a problem.

That is why, the debt trap which a farmer falls into, should be looked into, and a composite scheme should also be made for the farmers as also for the agricultural labourers.

**सभापति महोदय :** श्री राम कृपाल यादव। क्या आपने अपनी सीट बदल ली है?

**श्री राम कृपाल यादव** : मैं अपने स्थान पर ही हूँ।

**सभापति महोदय :** ठीक है। आप बोलिये।

**श्री राम कृपाल यादव (पटना):** सभापति महोदय, मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूँ कि आपने एक बहुत ही महत्वपूर्ण वि- ाय पर मुझे अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया। मैं श्री पी.के.वासुदेवन नायर जी का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिन्होंने आज प्राइवेट मैम्बर्स बिल के माध्यम से कृाि क्षेत्र में कामगारों को राहत के विाय पर चर्चा करने का अवसर प्रदान किया। कई माननीय सदस्यों ने इस पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। मैं भी अपने कुछ सुझाव आपके सामने रखना चाहता हूँ और बताना चाहता हूं कि आज कृाि क्षेत्र में कामगारों की क्या स्थिति है।

महोदय, कहा जाता है कि भारत एक देश कृाि प्रधान देश है और हमारे देश की 70-75 प्रतिशत आबादी खेत-खलिहानों पर निर्भर करती है। आज़ादी के 57-58 साल के बाद भी किसानों की दशा में कोई परिवर्तन नहीं आया है। किसानों पर ही सब कुछ निर्भर करता है। अगर किसानों की हालत ठीक रहेगी तो खेत मजदूरों को मजदूरी ज्यादा मिलेगी और उनकी स्थिति भी सुधरेगी। दुर्भाग्य की बात है कि जैसे-जैसे हमारा देश उन्नति की ओर बढ़ता गया, बहुत सारी जगहों पर हम अच्छे स्थान प्राप्त कर रहे हैं, देश और दुनिया में हमारा स्थान बहुत अच्छा रहा है, मगर जिस प्रकार हमने दूसरे क्षेत्रों की ओर ध्यान दिया, उस प्रकार हमने खेत-खलिहानों की ओर ध्यान नहीं दिया। यदि हमारा ध्यान खेत-खलिहान की ओर गया होता तो निश्चित तौर पर जो छोटे और मझौले किसान हैं और उनसे जुड़े हुए जो मजदूर हैं, उनकी हालत सुधर गई होती।

महोदय, मैं यह देखता हूँ कि अभी तक जितनी भी सरकारें आईं, सब लोगों ने खेत-खलिहान और मजदूरों की बात की, पर उनकी तरफ जो ध्यान देना चाहिए था, वह नहीं दिया गया। आज भी आप गांवों के हालात देखिये, आज भी कई ऐसे गांव हैं जहां आप जा नहीं सकते हैं, किसी सवारी से नहीं जा सकते, पैदल भी नहीं जा सकते। आज भी गांवों के हालात देखिये, कितनी दुर्दशा है गांवों की।

**16.00 hrs.**

सभापति महोदय, पानी का अभाव है, स्कूलों का अभाव है, सड़कों का अभाव है और बिजली का अभाव है। किसानों की इमेज बदलती जा रही है। खेत-खलिहान में काम करने वाले जो किसान हैं, ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Please resume your seat for a while.

Hon. Members, the time allotted for this Resolution is over. We have a number of Members to speak on this Resolution. If the House agrees, the time for this discussion may be extended by another one hour?

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL (CHANDIGARH): In that case, the House will sit up to 8.00 o"clock because after this we have to take up the Private Members" Bill for which two and a half hours are allotted.… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: We can resume the discussion on the Bill and then continue in the next Session.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: We have extended the time for this particular Resolution and not the time of the House.

**श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल)** : सभापति महोदय, यह बहुत महत्वपूर्ण प्रस्ताव है, जिस पर बहस चल रही है। इस पर बहुत से सम्मानित सदस्य बोलना चाहते हैं। इसलिए मेरा आग्रह है कि वाद-विवाद के लिए एक घंटे का समय और बढ़ा दिया जाए।

MR. CHAIRMAN: As per the arrangement, the House has to sit up to 7.30 p.m. No decision has been taken to extend the sitting of the House beyond 7.30 p.m.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI SURESH PACHAURI): Discussion on this Resolution will continue up to 5.00 o"clock and thereafter the House will take up Private Members" Bill.

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL : It is all right then.

**श्री राम कृपाल यादव** : सभापति महोदय, मैं बता रहा था कि किसानों की हालत बहुत ही खराब है। उनकी ओर आज तक पूरे तौर पर ध्यान देने का काम नहीं किया गया है।

महोदय, सभी लोगों का संगठन है, लेकिन किसानों का कोई संगठन नहीं है। नेताओं का संगठन है, कर्मचारियों का संगठन है, मजदूरों का संगठन है, दुकानदारों का संगठन है, लेकिन खेती में काम करने वाले मजदूरों का कोई संगठन नहीं है और न ही किसान संगठित हैं। किसानों के संगठित नहीं होने का फायदा सभी लोगों ने उठाने का काम किया है। अभी हमारे एक साथी बता रहे थे कि लगभग 10 करोड़ से भी अधिक असंगठित किसान हैं। मैं उन असंगठित किसानों की ओर आपका ध्यान आकर्िात करना चाहता हूं। इन असंगठित किसानों की ओर किसी का ध्यान नहीं गया है। वे लोग बड़े पैमाने पर दिनभर मेहनत करते हैं। चाहे फिर धूप हो, पानी हो, आंधी हो, ठंड हो, दिन हो या रात, बहुत कठिन मेहनत करते हैं। उनकी मजबूरी यह है कि उनकी गरीबी इतनी अधिक है, यदि वे खेतों में काम नहीं करें, तो वे अपने परिवार के लिए दो वक्त की रोटी भी नहीं जुटा पाएंगे। आज भी ऐसे अनेकों किसान और मजदूर हैं, जो दो वक्त की रोटी के लिए मोहताज हैं।

महोदय, धीरे-धीरे किसानों की संख्या कम होती जा रही है। जो पहले 10 एकड़ जमीन का मालिक था, वह जनसंख्या वृद्धि के कारण जमीन बंटने से खेतिहर मजदूर की श्रेणी में आ गया है। फिर चाहे बड़ा किसान हो, मंझोला किसान हो या छोटा किसान हो, वह आज खेतिहर मजदूर की श्रेणी में आ गया है और दिन भर कमाने के बावजूद वह अपने बच्चों को दो वक्त की रोटी नहीं दे पाता है, कपड़े की व्यवस्था नहीं कर पाता है, शिक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था नहीं कर पाता तथा रहने के लिए आवास की व्य वस्था नहीं कर पाता है। हमें अपने संविधान के अन्तर्गत यह अधिकार प्राप्त है कि जो इस देश में रहने वाले लोग हैं, उनके लिए सरकार, पीने के पानी की व्यवस्था कराएगी, उनके लिए सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा की व्यवस्था कराएगी, उनके लिए सरकार घर की व्यवस्था कराएगी, लेकिन इन बेसिक अमैनिटीज की व्यवस्था गांवों में आज तक नहीं हो सकी है और उन्हें उपलब्ध कराने की ओर सरकार का ध्यान नहीं गया है।

महोदय, वैसे तो पूरे देश में असंगठित किसानों और खेतिहर मजदूरों की दयनीय स्थिति है, लेकिन मैं इस बारे में अपने प्रदेश, बिहार की ओर आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान आकर्िात करना चाहता हूं वहां प्रति र्वा 30 लाख खेतिहर मजदूर रहे हैं।

चूंकिञ बिहार की हालत ठीक नहीं है तथा कहीं बाढ़ है और कहीं सुखाड़ हो जाता है। इस कारण यदि वे दूसरे प्रदेशों में जाकर काम न करें, तो उनको रोटी मिलनी भी मुश्किल हो जाएगा।

खेतिहर मजदूर बड़े पैमाने पर पंजाब, हरियाणा, कश्मीर और असम, हर जगह जाकर अपनी जीविकोपार्जन करने के लिए काम करते हैं और किस तरह से अपना जीविकोपार्जन करते हैं, हमें सोचना पड़ेगा। वैज्ञानिक युग आ रहा है और ये कह रहे हैं कि हम इस वैज्ञानिक युग में ट्रैक्टर और दूसरे उपकरणों का इस्तेमाल करेंगे। पहले जहां खेत में काम करने वाले दस मजदूर थे, वहीं अब एक मजदूर उस काम को कर रहा है। जनसंख्या में वृद्धि हो रही है, उसे हम रोकने का उपाय नहीं कर रहे हैं। हम यह नहीं कहते कि आप ट्रैक्टर का इस्तेमाल न कीजिए। अगर देश उन्नति करेगा तो किसान भी उन्नति करेंगे, मगर ट्रैक्टर के इस्तेमाल से वे हाथ बेकार हो रहे हैं। पहले हल चलाया जाता था, मैं यह नहीं कहता कि आप ट्रैक्टर के माध्यम से काम न करें, मगर ऐसा कोई उपाय निकालें, ऐसी कोई व्यवस्था करें ताकि इस वैज्ञानिक युग में भी उन्हें काम मिल सके, उनकी बेरोजगारी कम हो सके। इसकी चर्चा इसमें की गई है। अगर इसी तरह बेरोजगारी बढ़ती जाएगी तो निश्चित रूप से किसान, खेतिहर मजदूर आत्महत्या करने पर मजबूर होंगे।

महोदय, आज किसानों का खेती के प्रति आर्काण घटने का मुख्य कारण यह है, आज जिस तरह महंगाई बढ़ रही है, डीजल का दाम बढ़ रहा है, खेत-खलिहान में जो बीज एवं खाद डाली जाती है, उसकी कीमत इतने जोरदार ढंग से बढ़ रही है, लेकिन उसका रिटर्न उन्हें नहीं मिल रहा है। उन्हें अपने उत्पादित अनाज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। वे किसी तरह बैंकों और महाजनों से कर्ज लेकर अपने खेत में इनवैस्ट कर रहे हैं, मगर खेत में उत्पादन होने के बाद जब वे बाजार में बेचने जाते हैं तो उसका उन्हें उचित दाम नहीं मिलता। वे कर्जदार हो गए, अब बैंक इंटरैस्ट माफ नहीं करेगा, महाजन से जो पैसा लिया है, वह कर्ज माफ नहीं करेगा तो उन्हें मजबूरीवश आत्महत्या करनी पड़ेगी। आप ऐसी कोई व्यवस्था कीजिए ताकि खेतीहर मजदूर, किसानों को आप कर्ज देने का काम कर सकें। आप उन्हें कम रेट पर कर्ज देने का काम कीजिए, आपको ऐसी व्यवस्था करनी पड़ेगी।

महोदय, मैं वित्त मंत्री जी के प्रति आभार प्रकट करना चाहता हूं, जिन्होंने कोशिश की है कि खेत और खलिहान तथा किसानों की तरफ ध्यान देंगे। हमारा जो इनवेस्टमेंट है, आपने प्रतिशत बढ़ाया है, वर्तमान यूपीए सरकार ने 38 प्रतिशत किसानों के लिए अपने बजट में कृाकों के लिए व्यवस्था की है, मैं मानता हूं कि यह पर्याप्त है, लेकिन आप इसे 50 प्रतिशत करने का काम करें। आप बैंकों से कर्ज लेने जाइए, आप एहसास कीजिए कि लोगों को कितनी तकलीफ होती है। बैंक में कितनी करप्शन है, वहां बिना घूस दिए कोई काम नहीं हो पाता है। महोदय, आप खुद इस बात का एहसास करते होंगे, क्योंकि आप काफी दिनों से जनता के प्र ातिनिधि हैं। आप जनता के बीच में जाते हैं, उनकी समस्याओं को आपने देखने का काम किया है। हजार रुपए कर्ज लेने के लिए 500 रुपए घूस देनी पड़ेगी, तब भी आपको कर्ज नहीं मिलेगा। चप्पल घिस जाएगी, बैंक के मैनेजर के पास आना-जाना लगा रहेगा, मगर बिना पांच-दस प्रतिशत कमीशन दिए हुए आपको लोन नहीं मिलेगा। इसलिए आपको इस व्यवस्था को ठीक करना पड़ेगा। आपने इतनी फोरमेलिटीस कर रखी है - एक आम गरीब किसान, खेतिहर मजदूर आपकी फोरमेलिटीस को पूरा नहीं कर पाएगा, उसे लोन नहीं मिल पाएगा। इसलिए आप आसान तरीके से उसे कर्ज उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें ताकि किसान अपना जीविकोपार्जन कर सके, इनवैस्टमेंट करा सके। यह व्यवस्था करनी पड़ेगी, अधिक से अधिक आपके नीति-निर्धारण में होना चाहिए कि हम किसानों को इतनी राशि आबंटित करेंगे। जब तक खेत और खलिहानों में खुशहाली नहीं आएगी तब तक देश तरक्की नहीं कर सकता है।

महोदय, बहुत से लोग बहुराट्रीय कम्पनियों की चर्चा कर रहे हैं, हमारी बहुत सारी कम्पनियां हैं।

बहुत सारी कम्पनियां आकर यहां हमारे रोजगार पर असर डाल रही हैं। अब बहुराट्रीय कम्पनियों से आप एग्रीमेंट कर रहे हैं कि हम बाहर से चीजें मंगाएंगे। यहां नीतियां बन रही हैं, बाहर से फल, सेव, चावल, चीनी आ रहे हैं, सारा कुछ बाहर से लाने की व्यवस्था आपने खोल दी है। अगर इसे कंट्रोल नहीं करेंगे तो आपकी उपजी हुई जो सामग्री है, आपकी वह सामग्री पड़ी रहेगी। आप बाहर से लाएंगे, क्योंकि उनका कम रेट है। हमारे किसान उस प्रतियोगिता में सफल नहीं हो रहे हैं और हमारा सामान वहीं बच रहा है और विदेशी सामान की खपत हो रही है। भारत आज एक बाजार बनकर रह गया है। भारत की एक अरब से अधिक की आबादी है, इस आबादी में खपत नहीं हो रही है। आप ऐसी पालिसी बनाने का काम करें, हम इतने सक्षम हैं, भारत के गांव के किसान और मजदूर इतने सक्षम हैं कि इतना अधिक उपज पैदा कर सकते हैं कि हम दूसरे देशों को खिलाने का काम कर सकते हैं, यह हमारी क्षमता और कूवत है।

हमारी बहुत सारी जमीन असिंचित पड़ी रहती है, हम उसमें सिंचाई की व्यवस्था करें। हमारा दुर्भाग्य है कि बहुत सारे इलाके में प्र ााकृतिक आपदाएं आती हैं, कल से ही इसकी चर्चा सदन में हो रही थी। जिस तरह से कभी ओलावृटि हो जाती है, जिस तरह से बाढ़ आ जाती है, जिस तरह से सुखाड़ आ जाता है, इन सब चीजों का हमें मुकाबला करना पड़ेगा, जमीन को सिंचित बनाना पड़ेगा। सैंकड़ों वाों से कई नहरें ऐसी हैं, जिनकी आपने उढ़ाई कराने का काम नहीं किया है। वे नहरें कहीं से टूट गई हैं, कहीं भर गई हैं, उनकी उढ़ाई करने का काम करें। सिंचाई की समुचित व्यवस्था करने का काम करें, पर्याप्त मात्रा में ट्यूबवैल देने का काम करें। अगर आप ट्यूबवैल नहीं दीजिएगा तो किसान पानी कहां से ले पाएगा।

मैं समझता हूं कि आप खाद की कीमत नियंत्रित करें, बीज को नियंत्रित करने का काम करें। इन सब चीजों की तरफ अगर आप ध्यान नहीं देंगे तो किसान खुशहाल नहीं हो पायेगा। …(व्यवधान) मैं पांच मिनट और बोलूंगा।…(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** सिर्फ दो मिनट।

**श्री राम कृपाल यादव** : दुर्भाग्य है कि जब मैं बोलता हूं तो समय उसी समय निर्धारित हो जाता है। इस नियम के तहत तो जितना जो बोल सकता है, बोलता है, मगर हमारे लिए आपने टाइम तय कर दिया।

**सभापति महोदय :** इस विाय पर बहुत स्पीकर्स हैं।

**श्री राम कृपाल यादव** : मैं आपसे कह रहा था कि किसानों की खुशहाली के लिए सरकार को विशो तौर पर व्यवस्था करनी पड़ेगी। जो असंगठित मजदूर हैं, जिनकी चर्चा हम विशो रूप से कर रहे हैं, उनके लिए स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था कीजिए। आज सारे किसानों के पास इलाज के लिए पैसा नहीं है, आप उनके लिए ऐसी व्यवस्था कीजिए कि हॉस्पीटल में उनका मुफ्त इलाज हो सके। डाक्टर्स गांवों में तो जाते ही नहीं हैं। एक भी डाक्टर गांव में नहीं जाता है, सब शहर में प्रैक्टिस करने का काम करते हैं तो आप इसे एन्श्योर करवाइये ताकि गांव में इलाज की व्यवस्था हो सके।

बच्चों की पढ़ाई गांवों में नहीं होती, जिसके बाप-दादा मजदूर थे, वह भी आज मजदूर है। कैसे इस व्यवस्था में परिवर्तन हो पाएगा, कैसे सामाजिक न्याय की बात आप कर पाएंगे? गरीबों के बच्चे, मजदूरों के बच्चे अगर नहीं पढ़ेंगे तो किसी खास वर्ग और तबके के बच्चे ही पढ़कर आगे बढ़ते रहेंगे क्या? इस तरह उनको न्याय नहीं मिल सकेगा तो आप इसके लिए समुचित व्यवस्था कराइये और उनको अधिक से अधिक स्कूल देने का काम कीजिए। उनके बच्चों को मुफ्त पढ़ाने की व्यवस्था करने का काम कीजिए। यह व्यवस्था आपको करनी पड़ेगी।

मजदूरों की एक्सीडेंटल डैथ होती है, मजदूर मर जाते हैं, बिहार के मजदूर बाहर जा रहे हैं, जैसी मैंने चर्चा की, वे पंजाब में जाते हैं, असम में जाते हैं, उनका आप जीवन बीमा करवाइये। आपने व्यवस्था उपलब्ध कराई है, मगर आप अधिक से अधिक असंगठित मजदूर कवर हो सकें, इसकी व्यवस्था कराने का काम कीजिए ताकि सारे असंगठित मजदूर उससे बिल्कुल कवर हो जायें।

मैं आपसे निवेदन कर रहा था कि पैंशन योजना आप लागू कराने का काम कीजिए। आज तो स्थिति यह है कि किसान और मजदूर खेत और खलिहान में कम काम करना चाहते हैं, वे देखते हैं कि उनसे खुशहाल तो पान और चाय वाला है, जितनी कमाई पान और चाय बेचकर एक व्यक्ति काम लेता है, उससे कम पैसा मजदूर कमा पाता है। वह समझता है कि पान और चाय बेचना ज्यादा अच्छा है। अगर यही मानसिकता रही तो खेत और खलिहान में जो काम करने वाले मजदूर हैं, अगर वे दूसरी तरफ चले जाएंगे तो खेत और खलिहान में उपज कौन कराएगा। जब हमारे देश में उपज नहीं होगी तो हम क्या खाएंगे। हमारे देश की 70 से 75 प्रतिशत आबादी खेत और खलिहान पर निर्भर कर रही है। यह गम्भीर समस्या हमारे सामने उत्पन्न हो रही है, इसलिए खेत की तरफ आर्काण पैदा करना पड़ेगा, किसानों की तरफ आर्काण पैदा करना पड़ेगा।

नहीं तो देश आगे तरक्की नहीं कर सकेगा। हम साइंस और टैक्नोलाजी को आगे बढ़ाते रहें। हम रोज आकाश में जाते रहें लेकिन उससे काम चलने वाला नहीं है। बहुत कम संख्या शहरों पर निर्भर करती है। हमारी बहुत बड़ी आबादी गांव में रहती है। आज इतने वाों के बाद भी हमें शर्म आती है कि हम पानी की भी समुचित व्यवस्था नहीं करा सके हैं। यूपीए सरकार ने प्रयास किया है और अब मिशन चला रहे हैं। राजीव गांधी पेयजल के नाम से पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की बात कही है। आज भी जब आप गां व में जाएंगे तो आपको लज्जा आएगी कि खेत शौच के लिए हमारी मां और बहनों को रात में क्यारियों में बैठा रहना पड़ता है। हम लोगों को खुद शर्म आती है। अगर देश के खेत और खलिहान, गांव और मजूदर की तरक्की करनी है, अगर देश की तरक्की

करनी है ओर देश के आगे बढ़ाना है तो किसान पर और खेत में काम करने वाले खेतिहर मजदूर की तरफ हमारा ध्यान ले जाना पड़ेगा। अन्यथा देश की तरक्की नहीं हो सकती है और देश की बहुत बड़ी आबादी गांवों में बसती है और खेती पर निर्भर करती है। जो हाथ बेकार होते जा रहे हैं उन हाथों को काम देना होगा और रोजगार की गारन्टी देनी होगी। तभी मैं समझता हूँ कि हमारा देश तरक्की करेगा। हम देश और खेत, खलिहान को खुशहाल नहीं करेंगे, मजदूर और किसान को खुशहाल नहीं करेंगे, उनके बच्चों की तरफ ध्यान देने का काम नहीं करेंगे, उनके लिए स्वास्थ्य और पानी की व्यवस्था नहीं करेंगे तब तक हमारा देश आगे नहीं बढ़ सकता है और अगर हम गांव की खुशहाली चाहते हैं तो हमें किसानों और मजदूरों की तरफ ध्यान देना पड़ेगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका आभार प्रकट करता हूँ कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विाय पर बोलने का अवसर दिया।

